# बिहार स्टेट टूरिज्म डेवलपमेंट कॉरपोरेशन लि०

## Bihar State Tourism Development Corporation Ltd.

वीरचन्द पटेल पथ /Beerchand Patel Path, पटना / Patna- 800 001
दूरभाष / **Phone : -** +91-612-2222622 फैक्स नं० / **Fax No:** - 0612-2506218
**CIN:** U63040BR1980SGC001486, **Web:** www.bstdc.bihar.gov.in **E-mail:** contactbstdc@gmail.com

BSTDC


**सं0 सं0–116/Engg./2024/763/engg/24** दिनांक– **13/06/2024**

## निविदा संख्या – 07/2024–25

## अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना

| | | | |
|---|---|---|---|
| (1) | निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का पदनाम | :– | कार्यपालक अभियंता, बिहार स्टेट टूरिज्म डेवलपमेंट कॉरपोरेशन लि०, पटना। |
| (2) | परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि एवं समय | :– | दिनांक– 20.06.2024 से 24.06.2024 को 3:00 बजे अपराहन तक। |
| (3) | निविदा प्राप्त करने की तिथि एवं समय | :– | दिनांक– 24.06.2024 को 3:30 बजे अपराहन तक। |
| (4) | निविदा खोलने की तिथि एवं समय | :– | दिनांक– 24.06.2024 को 4:00 बजे अपराहन तक। |
| (5) | परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान/कार्यालय | :– | कार्यपालक अभियंता, बिहार स्टेट टूरिज्म डेवलपमेंट कॉरपोरेशन लि०, सिख हेरिटेज दरोगा प्रसाद राय पथ, पटना। |
| (6) | निविदा प्राप्ति एवं खोलने का स्थान/कार्यालय | :– | कार्यपालक अभियंता, बिहार स्टेट टूरिज्म डेवलपमेंट कॉरपोरेशन लि०, सिख हेरिटेज दरोगा प्रसाद राय पथ,पटना। |
| (7) | निविदा खोलने वाले पदाधिकारी | :– | कार्यपालक अभियंता, बिहार स्टेट टूरिज्म डेवलपमेंट कॉरपोरेशन लि०, सिख हेरिटेज दरोगा प्रसाद राय पथ,पटना। |

(8) कार्य का ब्योरा–अधौलिखित :–

| क्र० सं० | कार्य का नाम | परिमाण विपत्र की राशि (रू० में) | अग्रधन की राशि (रू० में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रू० में) | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | श्रावणी मेला. 2024 के अवसर पर सुल्तानगंज से मनिया मोड़ तक अवस्थित निगम के पर्यटकीय संरचनाओं का मरम्मति एवं रख–रखाव कार्य। | 19,00,000/- | 38,000/- | 1250/- | 20 दिन |
| 2 | श्रावणी मेला. 2024 के अवसर पर मनिया मोड़ से जलेविया तक अवस्थित निगम के पर्यटकीय संरचनाओं का मरम्मति एवं रख– रखाव कार्य। | 22,00,000/- | 44,000/- | 1250/- | 20 दिन |
| 3 | श्रावणी मेला. 2024 के अवसर पर जलेविया से चिहुतजोर के पहले तक अवस्थित निगम के पर्यटकीय संरचनाओं का मरम्मति एवं रख–रखाव कार्य। | 20,00,000/- | 40,000/- | 1250/- | 20 दिन |
| 4 | श्रावणी मेला. 2024 के अवसर पर चिहुतजोर, कटोरिया से बिहार बोर्डर तक अवस्थित निगम के पर्यटकीय संरचनाओं का मरम्मति एवं रख–रखाव कार्य। | 18,00,000/- | 36,000/- | 1250/- | 20 दिन |

**विशेष शर्त्त : –**

1. समुचित श्रेणी में निबंधित अद्यतन नवीनीकृत संवेदक ही निविदा में भाग ले सकते हैं।
2. कार्यों के प्राक्कलित राशि घट या बढ़ सकती है, तदनुसार अग्रधन की राशि एवं परिमाण विपत्र के मूल्य में परिवर्त्तन हो सकता है निर्गत किये जाने वाले परिमाण विपत्र/निविदा कागजात में अंकित प्राक्कलित राशि अग्रधन की राशि एवं परिमाण विपत्र का मूल्य ही अंतिम और मान्य होगा।
3. निविदा के साथ में निम्न सुचनाऐं एवं कागजात जमा करना अनिवार्य होगा।

(क) वांछित अग्रधन के राशि जो पोस्ट ऑफिस टर्म डिपोजिट/राष्ट्रीय बचत पत्र/ बिहार स्टेट टूरिज्म डेवलपमेंट कॉरपोरेशन लि०, पटना के खाता में **RTGS** आवश्यक निर्गत के रूप में बैंक गारन्टी (प्राक्कलित राशि एक करोड़ एवं ऊपर की स्थिति में) जो बिहार स्टेट टूरिज्म डेवलपमेंट कॉरपोरेशन लि०, पटना के नाम से प्लेज होना चाहिए।

(ख) पोस्ट ऑफिस टर्म डिपोजिट/राष्ट्रीय बचत प्रमाण पत्र सिर्फ बिहार राज्य के अन्तर्गत किसी डाकघर का क्रय किया हुआ होना चाहिए, जिसकी बैद्यता कार्य समाप्ति की तिथि से छः माह 28 दिन आगे की तिथि तक होनी चाहिए।

(ग) अपने रजिस्ट्रेशन का पूर्ण ब्यौरा जैसे व्यक्तिगत, संयुक्त प्रा0 लि0 संख्या आदि।

(घ) पैन नम्बर, **GST** आदि।

4. निविदाताओं को परिमाण विपत्र में अंकित दर का प्रतिशत (अंकों एवं शब्दों दोनों में) से अधिक/कम या परिमाण विपत्र दर पर करने हेतु अंकित करना होगा।
5. निविदा से संबंधित कार्य के लिए समुचित श्रेणी के संवेदक भी विभाग द्वारा निर्धारित मशीन एवं उपकरण की भाड़ा/ दर के भुगतान के विरूद्ध निविदा में भाग ले सकते हैं। कार्य सम्पादन के समय उक्त मशीनरी एवं प्लांट का अद्यतन विभागीय दर (यांत्रिक प्रमंडल के विपत्र पर आधारित) के अनुसार हायर चार्ज की कटौती संवेदक के विपत्र से किया जायेगा।
6. सशर्त्त निविदा अमान्य होगा। साथ ही बिना कारण बताये एक या सभी निविदाओं को रद्द करने अथवा उन्हे एक से अधिक संवेदको के बीच बाँटने का अधिकार बिहार स्टेट टूरिज्म डेवलपमेंट कॉरपोरेशन लि०, पटना के पास सुरक्षित है।
7. परिमाण विपत्र आवेदन के साथ संवेदको को परिमाण विपत्र का मूल्य (जो लौटाया नही जायेगा) अद्यतन निबंधन प्रमाण–पत्र, पैन नम्बर एवं **GST** निबंधन प्रमाण–पत्र की अभिप्रमाणित छायाप्रति संलग्न करना हो होगा अन्थया परिमाण विपत्र निर्गत नहीं किया जायेगा।
8. परिमाण विपत्र का मूल्य (नहीं लौटाने योग्य) बैंक ड्राफ्ट के रूप मे ''बिहार स्टेट टूरिज्म डेवलपमेंट कॉरपोरेशन लि0'' के नाम से होगा, जो **Payable at Patna** होगा। परिमाण विपत्र **BSTDC** के कार्यालय में उपलब्ध रहेगा।
9. विभागीय पत्रांक 398 **(S)** दिनांक– 28.09.2012 के आलोक में **Defaulter/Blacklisted/Debar** तथा **Statement** सत्यता से संबंधित शपथ पत्र मूल प्रति में संलग्न करना अनिवार्य होगा।
10. आवंटन की प्रत्याशा में निविदायें आमंत्रित की जा रही है। विभाग में आवंटन की उपलब्धता के आधार पर ही प्राथमिकता के अनुरूप संवेदकों से कार्य कराया जायेगा और कराये गये कार्यों का भुगतान किया जायगा। इस संबंध में संवेदकों का कोई भी दावा मान्य नहीं होगा।
11. सफल संवेदकों द्वारा निर्धरित समय सीमा के अन्तर्गत अगर एकरारनामा नहीं किया जाता है तो निविदा के साथ संलग्न अग्रधन की राशि जब्त कर ली जायेगी।
12. एक बार निविदा में भाग लेने के बाद यदि निविदादाता निविदा प्राप्ति के अंदर कार्य कराने में असमर्थता प्रकट की जाती है तो निविदा के साथ संलग्न अग्रधन की राशि जब्त कर ली जायेगी एवं पुनः निविदा की स्थिति में उन्हें निविदा में भाग नहीं लेने दिया जायेगा।
13. संवेदक निविदा में भाग लेने के पूर्व कार्यस्थल का निरीक्षण कर लें। निविदा प्राप्ति के बाद जहाँ है जैसा है के आधार पर ही संवेदक कार्यपूर्ण करने के लिए बाध्य होंगें, मेला अवधि में किसी प्रकार के मरम्मत की आवश्यकता होने पर उनके द्वारा कार्य किया जाना आवश्यक होगा।
14. कोई समय वृद्धि नहीं दी जायेगी, यह बाध्यता होगी कि कार्य समय पर पूर्ण हो। समय पर संतोषप्रद ढंग से कार्य पूर्ण नहीं होने पर निबंधन कालीकृत कर दी जायेगी।
15. निर्धारित तिथि को सरकारी छुट्टी घोषित होने की स्थिति में परिमाण विपत्र बिक्री या निविदा की तिथि अगले दिन किया जायेगा।
16. विस्तृत जानकारी के लिये अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में कार्य–दिवस में सम्पर्क किया जा सकता है।

ह०/–
कार्यपालक अभियंता
बिहार स्टेट टूरिज्म डेवलपमेंट
कॉरपोरेशन लि०, पटना।